# समाचार

## सामुदायिक संगठकों के पदों हेतु साक्षात्कार 27 जुलाई को

कोरबा 10 जुलाई 2015 –राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत रिक्त 08 सामुदायिक संगठकों (संविदा) पदों की पूर्ति हेतु जिला रोजगार कार्यालय कोरबा से 01 पद के विरूद्ध 12 के मान से 96 अभ्यर्थियों की सूची मंगायी गई थी। उक्त सूची अनुसार अपर कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला चयन समिति की अध्यक्षता में उनके कक्ष में 06 जुलाई 2015 को अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रोंकी जांच हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया गया, जिसमें मात्र एक ही अभ्यर्थी उपस्थित हुए। अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति को देखते हुए चयन समिति द्वारा उक्त साक्षात्कार को स्थगित करते हुए नई तिथि 27 जुलाई 2015 को पुनः साक्षात्कार आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। अतः उक्त तिथि को सामुदायिक संगठकों (संविदा) हेतु आयोजित साक्षात्कार में अनुपस्थित अभ्यर्थी 27 जुलाई 2015 को प्रातः 11 बजे अपर कलेक्ट कोरबा के कक्ष में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं।